आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखंड)
शनिवार 04.09.2026
समय - 7.20

नमस्कार! आकाशवाणी देहरादून से प्रस्तुत है प्रादेशिक समाचार-

पहले मुख्य समाचार:-

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप किए जा रहे शोध कार्यों का उपयोग नीतियों और योजनाओं के प्रभावी बनाने में किया जाए।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है, कुल 416 पदों के सापेक्ष 668 अभ्यर्थियों के नाम औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में शामिल किए गए हैं।

नैनीताल जिले में लम्पी स्किन डिजीज की पुष्टि; तीन पशु संक्रमित, रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग की 163 टीमें मैदान में।

और, प्रदेश में आज कृष्ण जन्माष्टमी की धूम, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं।

प्रादेशिक समाचार के साथ मैं नीता कांडपाल... अब समाचार विस्तार से - इसरो

भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता हासिल की है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज सुबह श्रीहरिकोटा से जी.एस.एल.वी-एफ17 रॉकेट के जरिए पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ई.ओ.एस-05 का सफल प्रक्षेपण

किया। इसरो के अनुसार, प्रक्षेपण के करीब 18 मिनट बाद भारत के पहले इमेजिंग उपग्रह को जियोसिंक्रोनस कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। ई.ओ.एस-05 से वास्तविक समय में तस्वीरें मिलेंगी। इससे कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में मदद मिलेगी। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा कि यह मिशन भारत की पृथ्वी अवलोकन क्षमताओं को और मजबूत करेगा।

सीएम बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप किए जा रहे शोध कार्यों का उपयोग राज्य की नीतियों और योजनाओं को अधिक प्रभावी बनाने में किया जाए।

सचिवालय में आयोजित उत्तराखण्ड स्टेट सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस की बैठक में सीएम धामी ने राज्य की उपलब्धियों पर केस स्टडी तैयार करने और अधिकारियों के प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रतिवर्ष प्रमुख विश्वविद्यालयों के दस स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को कैपस्टोन परियोजनाओं के लिए स्टाइपेंड देने पर सहमति बनी। इसके माध्यम से राज्य की प्राथमिकताओं से जुड़े विषयों पर शोध को प्रोत्साहन मिलेगा। बैठक में योजनाओं के नियमित मूल्यांकन और लक्ष्यों की वार्षिक मॉनिटरिंग पर भी जोर दिया गया। सदस्यों ने एमएसएमई, हाई वैल्यू-लो वॉल्यूम उत्पादों और पर्वतीय क्षेत्रों में होम टूरिज्म को बढ़ावा देने के सुझाव दिए। बैठक में विकसित उत्तराखण्ड-2047 की विकास रणनीति पर भी चर्चा हुई।

खाद्य पदार्थ जांच

खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग हरिद्वार जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चला रहा है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त गढ़वाल आरएस रावत के नेतृत्व में जगजीतपुर पुलिस चौकी के समीप दूध सप्लाई वाहनों और सराय रोड स्थित थोक एजेंसियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खुले दूध के पांच नमूने जांच के लिए भरे गए, जबकि बिना खाद्य लाइसेंस के कार्य कर रहे दो मिल्क सप्लायरों को नोटिस जारी किए गए। इसी तरह कनखल में पनीर और मावा त रुड़की में पनीर का एक-एक नमूना लिया गया।

अभियान में कुल दस खाद्य नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। विभाग ने निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रखने की बात कही है।

अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है।

आयोग के सचिव एनएस डुंगरियाल ने बताया कि 14 जून को आयोजित आयोजित लिखित परीक्षा के बाद राजस्व निरीक्षक, पटवारी और राजस्व उपनिरीक्षक के पदों के लिए सात अगस्त को शारीरिक माप-जोख एवं दक्षता परीक्षा आयोजित की गई।

इसी आधार पर निर्धारित अनुपात में अभिलेखों की जांच के लिए कुल 668 अभ्यर्थियों की औपबंधिक श्रेष्ठता सूची आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी अपने नाम और पदों से संबंधित जानकारी वेबसाइट पर देख सकते हैं। आयोग ने कहा है कि अभिलेख जांच की तिथि और पदों की वरीयता से संबंधित ऑनलाइन लिंक अलग से जारी किए जाएंगे। इस परीक्षा के लिए कुल 416 पद शामिल थे।

जन्माष्टमी

प्रदेश में आज जन्माष्टमी भक्तिभाव से मनाई जा रही है।
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।
राज्यपाल ने आमजन से अपील की है कि सभी लोग जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाएं और भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों तथा शिक्षाओं को अपने जीवन में आत्मसात करें। उन्होंने इस पावन अवसर पर देश और प्रदेश में शांति, सौहार्द एवं समृद्धि की मंगलकामना की। इधर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज देहरादून स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित जन्माष्टमी समारोह में प्रतिभाग करेंगे।

पेट्रोल पम्पों की जांच

देहरादून में उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा और मानक गुणवत्ता का पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल के नेतृत्व में पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान भूमिगत टैंकों में उपलब्ध पेट्रोल और डीजल के स्टॉक का स्टॉक रजिस्टर से मिलान किया गया। वास्तविक स्टॉक और अभिलेखों में दर्ज स्टॉक सही पाया गया। टीम ने पेट्रोल और डीजल वितरण करने वाले सभी नोजलों की माप की भी जांच की।

इस दौरान अधिकारियों ने ई-20 पेट्रोल की गुणवत्ता की जांच भी की। इसमें एथेनॉल की मात्रा निर्धारित मानकों के अनुरूप मिली। ईंधन की गुणवत्ता, माप व्यवस्था और स्टॉक से संबंधित अभिलेखों की भी जांच की गई।
जिला पूर्ति अधिकारी के.के. अग्रवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सभी पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा और अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

नैनीताल लम्पी वायरस

नैनीताल जिले के गौवंशीय पशुओं में लम्पी स्किन डिजीज वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है।
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव सिंह ने बताया कि जिले में अब तक एक लाख 22 हजार 301 पशुओं का टीकाकरण किया जा चुका है। बीमारी की जांच के लिए 42 नमूने भेजे गए थे, जिनमें से 12 की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इनमें तीन नमूने पॉजिटिव मिले हैं।
बाइट - डॉ राजीव सिंह,
उन्होंने बताया कि संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए बाहरी राज्यों और अन्य स्थानों से महिषवंशी तथा गौवंशीय पशुओं के परिवहन पर प्रतिबंध लगाया गया है।
हिमालयन कार्निवाल

पिथौरागढ़ में आगामी नवंबर - दिसंबर माह में पांच दिवसीय हिमालयन कार्निवाल आयोजित किया जाएगा। कार्निवाल में जनपद की समृद्ध लोक संस्कृति, स्थानीय कला, परंपराओं, पर्यटन और व्यापारिक गतिविधियों को मंच प्रदान किया जाएगा।

कार्निवाल के आयोजन की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में बैठक हुई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, नाम, लोगो, स्थल और तिथि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।
बैठक में प्रस्तावित किया गया कि पांच दिवसीय कार्निवाल का आयोजन नगर के देव सिंह मैदान में किया जाए। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्थानीय और अन्य क्षेत्रों के कलाकारों तथा सांस्कृतिक दलों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

कार्निवाल में स्थानीय उत्पादों और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न व्यापारिक एवं प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से तैयारियां करने और कार्यक्रम को आकर्षक एवं व्यवस्थित स्वरूप देने के निर्देश दिए।

रुद्रप्रयाग

रुद्रप्रयाग में ठोस कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने संबंधित विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में ठोस कूड़ा के निस्तारण, रिसाइक्लिंग और वैज्ञानिक प्रबंधन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि कूड़े का संग्रहण, परिवहन और रिसाइक्लिंग निर्धारित प्रक्रिया के तहत सुनिश्चित किया जाए, ताकि लैंडफिल पर निर्भरता कम हो और पर्यावरण संरक्षण के साथ जनस्वास्थ्य की भी सुरक्षा हो।

बैठक में श्री केदारनाथ धाम और सोनप्रयाग स्थित एमआरएफ संेटरों में एकत्रित कूड़े की स्थिति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबे समय से जमा कूड़े का तत्काल निस्तारण करने और रिसाइकिल योग्य सामग्री को प्राथमिकता से रिसाइक्लिंग के लिए भेजने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने केदारनाथ धाम में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न्यूनतम करने, पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने और यात्रियों तथा व्यापारियों को जागरूक करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त केदारनाथ के लिए सभी संबंधित संस्थाएं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें।

और अंत में समाचार पत्रों की सुर्खियां -

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखण्ड की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप किए जा रहे शोध कार्यों का उपयोग नीतियों और योजनाओं के प्रभावी बनाने में किया जाए।

उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है, कुल 416 पदों के सापेक्ष 668 अभ्यर्थियों के नाम औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में शामिल किए गए हैं।

नैनीताल जिले में लम्पी स्किन डिजीज की पुष्टि; तीन पशु संक्रमित, रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग की 163 टीमें मैदान में।

और, प्रदेश में आज कृष्ण जन्माष्टमी की धूम, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश वासियों को दी शुभकामनाएं।